## एक नजर में

### देश के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर अन्याय के खिलाफ बुलंद करें आवाज...



**नागदा ( धार )।** आम जनमानस एवं देश के विकास के लिए एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधे मिलाकर अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलन्द रखे। किसान, महिला, युवा एवं आम जनमानस के लिए कांग्रेस पार्टी हमेशा आप सभी के साथ खड़ी है। हम हर उस कार्य का विरोध करेंगे, जो जनविरोधी है। भाजपा की सरकार को आम जनमानस से कोई लगाव नहीं, हम सभी देख रहे है कि ब?ती महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। इसके खिलाफ हमारी ल?ाई हमेशा जारी रहेगी। जिसमें कांग्रेस का प्रत्येक सिपाही हमेशा डटा रहे। उक्त बातें रतलाम जाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के स्वागत के दौरान कही। जगह-जगह कांग्रेसजनों ने प्रदेश अध्यक्ष पटवारी का गर्मजोशी के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सादलपुर फोरलेन चैराहा, नागदा बस स्टेण्ड व फोरलेन पर सैक?ो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जिन्दाबाद के बीच पटवारी का स्वागत किया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बुझाई ग्रामीणों की प्यास

**बदनावर ।** ग्राम पंचायत बिडवाल के वार्ड क्रमांक 4 में लगभग 4 वर्ष पूर्व पंचायत द्वारा पीएचई विभाग से अनुरोध कर नलकूप खनन करवाया था, किंतु विभाग नलकूप खनन कर हैंडपंप लगाना भूल गया । वार्ड वासियों द्वारा पंचायत एवं विभाग को मौखिक निवेदन किए लेकिन समस्या जस की तस बनी रही ।लोग दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर थे । निवासियों द्वारा यह समस्या तहसील विधिक सेवा बदनावर के पैरालेगल वॉलिंटियर डॉ. मोहितसिंह चौहान के संज्ञान में लाई गई ।इसके उपरांत डॉ. चौहान ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश पांचाल को आवेदन प्रस्तुत किया। सचिव द्वारा बदनावर एसडीएम प्रियंका मिमरोट को आवेदन की प्रति प्रेषित कर हैंडपंप लगवाने के लिए निर्देशित किया । प्राधिकरण के हस्तक्षेप पश्चात विभाग ने आनन फानन में हैंडपंप लगाया। अब सभी वार्डवासी व राहगीर पानी से की प्यास बूझाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को धन्यवाद दे रहे हैं ।इस कार्य में पंचायत सरपंच आशीष वानखेड़े ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।



### पटलावदिया प्रीमियम लीग डिवाईन स्ट्राईकर्स ने जीती



**सरदारपुर।** ग्राम पंचायत पटलावदिया के तत्वावधान मे पटलावदिया प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। इसमें दिनांक 3--6--2026 को फाइनल मुकाबला डिवाईन स्ट्राईकर्स बनाम चौधरी सुपर किंग्स के बीच खेला गया। इस रोमांचकारी मुकाबले में डिवाईन स्ट्राईकर्स ने 37 रनों से विजय हांसिल की ।

उक्त प्रीमियर लीग के प्रथम पुरस्कार मुख्य अतिथी रुप मे क्षेत्र जन प्रिय विधायक माननीय प्रताप जी ग्रेवाल सरदारपुर ने ट्राफी व 25000? विजेता टीम के कप्तान हर्षजीत भावसार को टीम की उपस्थिती मे दिया ।वही दुसरा पुरस्कार 15000? व ट्राफी ग्राम पंचायत पटलावदिया सरपंच जितेन्द्र सिंगार ने उप विजेता टीम चौधरी सुपर किंग्स के कप्तान रिंकू कछावा इमलीपुरा को टीम की उपस्थिती मे दिया गया इसी प्रकार से तृतीय पुरस्कार उपसरपंच श्री निर्भय सिह चावडा के द्वारा7100 व ट्राफी सरकार इलेवन के कप्तान नारायण मेरोता को दिया गया मैन ऑफ द सीरिज हर्ष जीत भावसार ने प्राप्त की उक्त कार्यक्रम मे माननीय विधायक जी और उनके साथ पधारे श्री पुष्पेन्द्र बन्ना व वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय जायसवाल जी का ग्रामिणो ने अंग वस्त्र भेट कर आत्मीय स्वागत किया स्वागत कर्ता मे सरपंच जितेन्द्र सिंगार उप सरपंच निर्भय सिह चावडा भूतपूर्व सरपंच कमल सिह डामर सुधीर भावसार गजराज भूरिया बिछीया हुकुम सिह सुनेर लक्ष्मीनारायण धनेरीया हिरालाल मावर रतन लाल धनेरिया भौपावर गौपाल बन्ना विजय धनेरिया दिनेश चौधरी नानालाल मावर आदी ने किया माननीय विधायक जी ने खेलो पर प्रकाश डालते हुए कहा की खेल हमे मिल जुल कर रहना सिखाता है अनुशासन मे रहना सिखाता है खेलो से हमारे मे राष्ट्र भावना जाग्रत होती अत: खेल हमारे जीवन की अहम कडी है ।आभार पं. कौशल जी वैष्णव ने माना

### बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों की चालानी कार्रवाई की



**मनावर ।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत मनावर नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, एवं सीएमओ संतोष चौहान के निर्देश पर बस स्टैंड में दुकानों की चालानी कार्यवाही की गई। रात को दुकान बंद करने के बाद कचरा दुकान से बाहर फेंकने पर नगर पालिका परिषद द्वारा फोटो खींच कर संबंधित दुकान का चलान बनाया गया। नगर पालिका परिषद ?ि टीम द्वारा दुकानदारों को समझाइस दी गई ?ि अब कचरा दुकान के बाहर नहीं कचरा गाडी या नियत स्थान पर डाले. कार्यवाही मे दरोगा प्रदीप श्रीवास्तव, नानूराम पाटीदार, कमलेश तोमर और नगर पालिका की टीम उपस्थित थे।

### पीएम मित्रा पार्क युवाओं के भविष्य और क्षेत्र के विकास का बनेगा आधार : सावित्री ठाकुर

**बदनावर।** बदनावर क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से अग्रसर है। औद्योगिक एवं अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में रोजगार और निवेश की संभावनाएं निरंतर बढ़ रही हैं। पीएम मित्रा पार्क क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार और उज्ज्वल भविष्य का मजबूत आधार बनेगा।





# ग्राम पंचायत पिपरी में पानी के लिए संघर्ष कर रहे ग्रामीण

**पीने का पानी कोसों दूर तो अन्य उपयोग के लिए का उबड़-खाबड़ रास्ते से लाना पड़ रहा है ...**

**बाग ।** जनपद पंचायत बाग के अंतर्गत लगने वाली ग्राम पंचायत पिपरी के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पानी जैसी मूल समस्या से जुझ रहे हैं जबकी शासन की मंशा से कि ग्रामीणो के घर घर तक पानी पहुचे मगर उसके उलट यहां पानी तलाशा जा रहा है कि कहा शुद्ध पानी मिलेगा ग्राम पंचायत पिपरी के लोहारियां फलिए के ग्रामीणो ने बताया की हम पानी के लिए क्या क्या जतन कर रहे हम ही जानते है। इस पूरे फलिए में एक ही हैंडपंप है और हमारे से बहुत दूर पड़ता है उसमें भी हमें इंतजार करना पड़ता है जो खाली पीने के लिए भरा जाता है।

दूसरा वापरने के लिए नदी पर जाना पड़ता हे मगर नदी में भी एक बुंद पानी नही है मेला और गंदा पानी एक गुड्डु में भरा है जहां से वापरने का लाते हैं जिसमें हमारे मवेशियों को भी वही पानी पिलाने को मजबुर हे जिसके चलते हमे गंभीर बीमारी का भय भी हमें बना रहता है। हमारे इस गांव सहित इस फलिए में विगत तीन वर्षो से इस समस्या से जुझ रहे हैं।

### पथरीली डगर पर लोग

पीने के पानी के साथ वापरने के लिए जो पानी लेने हमें एक कोस जो नदी पर जाना होता है वहां तक का रास्ता इतना उबड़-खाबड़ ओर पथरीला है जिससे गुजरकर जाने में बहुत डर लगता है और रात में तो जा ही नहीं सकते ओर सुनसान इलाका हे लड़कीयों को बच्चों को भेज नहीं सकते वहां भी गंदा ओर मटमेला पानी ही लेकर आना होता है कुल मिलाकर बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है पानी के लिए।

### समस्या पर बोले सरपंच प्रतिनिधि

हमारी पंचायत पिपरी में पानी की दो चार मोहल्ले में बहुत बड़ी समस्या है हमारे ग्रामीण बड़ी मशक्कत से पीने के पानी से लेकर वापरने तक के पानी के लिए बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मेरे द्वारा लगातार यहां हेंडपंप वगेहरा के लिए प्रयास किया जा रहा है ।ग्रामसभा में हमारे द्वारा ठहराव प्रस्ताव भी बनाकर दे दिया हे लेकीन शासन प्रशासन का क़ोई इस और ध्यान नहीं है ओर नहीं कोई आज दिनांक तक पाइंड मिला है मेरा तो यही प्रयास हे जल्दी ही इस समस्या का समाधान हो ।सरपंच ने यह भी बताया की कही मोहल्ले में तो टेकर से भी पानी पहुंचाया है।- राजू मंडलोई सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत पिपरी।

# जहां राम हैं, वहां टूटी झोपड़ी भी महलों से प्यारी : पं. उपाध्याय

### कुक्षी में गूंजी राम कथा



**कुक्षी।** ईश्वर भाव के भूखे हैं और जहां राम हैं, वहां टूटी झोपड़ी भी महलों से अधिक प्यारी लगती है। राम कथा केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन के विकारों को मिटाने और सत्प्रवृत्तियों को जाग्रत करने का माध्यम है।राम कथा के श्रवण से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह उदगार इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में चल रही श्री राम कथा के छठे दिन कथाचार्य गोपाल कृष्ण उपाध्याय ने कही।

उन्होंने कहा की संसार में वे मनुष्य परम धन्य हैं, जिन्हें प्रभु की अनन्य भक्ति प्राप्त होती है, क्योंकि जीवन का अंतिम आधार केवल राम हैं राम ही सत्य हैं और वे सर्वत्र व्याप्त हैं। उन्होंने माता सीता की बिदाई के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में एक नारी के जीवन का प्रथम और सबसे बड़ा धर्म पातिव्रत्य जीवन का पालन करना माना गया है। जो नारी अपने इस पावन धर्म का निष्ठा से पालन करती है, वह अपने घर को वैकुंठ बना देती है। जीवन की कोई भी अवस्था हो चाहे सुख की घड़ी हो या दुख का समय नारी को सदा अपने धर्म पर अडिग रहना चाहिए। पति चाहे रोगी हो या निरोगी, धनी हो या निर्धन, दोनों ही अवस्थाओं में पत्नी को अपने व्रत और मर्यादा का पालन करना ही उसकी सच्ची शक्ति है। और जो नारी अपने धर्म और संस्कारों का त्याग कर देती है,

वहां खुशहाल जीवन भी नर्क के समान कष्टदायी बन जाता है।उन्होंने आज के आधुनिक समाज पर कटाक्ष करते हुए कहा की पत्नी को सीता बनाने के लिए पति को राम बनना होगा आज समाज में हर पति यह आकांक्षा रखता है कि उसकी पत्नी सीता और सावित्री जैसी गुणवान और पतिव्रता बने। परंतु पत्नी से सीता बनने की अपेक्षा करने से पहले पति को स्वयं राम बनना होगा। जब पति में श्रीराम जैसे संस्कार, मर्यादा और सम्मान का भाव होगा, तभी वह गृहस्थी आदर्श राम गृहस्ती बन पाएगी। आयोजन की सुचारु व्यवस्थाओं में मंदिर उत्सव समिति के सोनू गुप्ता, उज्जवल सोनी, रविंद्र राठौड, सुनील गुप्ता, अर्पित गुप्ता, बंटी जैन नवकार, चिराग गुप्ता, विकास गुप्ता,रविंद्र नाना रायल, बालाजी महिला मंडल आदि जुटे हुए है।



# प्रेमसिंह दत्तीगांव की 82वीं जयंती पर तिलगारा को मिली विकास की सौगात

**▶ 15 करोड़ के आईटीआई भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन, युवाओं के लिए खुलेंगे नए अवसर**

**बदनावर ।** बदनावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिलगारा में जनप्रिय एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय प्रेमसिंह दत्तीगांव की 82वीं जयंती पर आयोजित समारोह में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए क्षेत्र के विकास में उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनसेवा और लोककल्याण के प्रति उनके समर्पण को नमन किया। इस अवसर पर लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन आईटीआई भवन तथा 85 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शुभारंभ किया गया।

अतिथियों ने कहा कि नवीन आईटीआई भवन क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार मेडा, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र सिंह %चाचू बना%, मनीष गुर्जर, संजु बना, शेखर यादव, राजेंद्र सिंह पंवार (फुंदा बापू), मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय प्रेमसिंह दत्तीगांव के जनसेवा, समर्पण एवं विकासोन्मुखी कार्यों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण एवं युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# कुपोषण निवारण शिविर में 25 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**सरदारपुर । महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कमलसिंह निगवाल के मार्गदर्शन में दिनांक 04 जून 2026 को आंगनवाड़ी भवन सेक्टर में पोषण एवं कुपोषण निवारण शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी एवं संस्था प्रभारी डॉ. प्रदीप मालवी द्वारा 25 कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के अभिभावकों को संतुलित आहार, बच्चों की उचित देखरेख एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

शिविर का संचालन सेक्टर सुपरवाइजर सुगना राठौर द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बच्चों के नियमित वजन, पोषण स्तर, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। शिविर में सेक्टर सुपरवाइजर सुगना राठौर, मोनिका नागपुरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों, जिला परामर्शदात्री समिति के प्रतिनिधि भारत सिंह ठाकुर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी सेवाएं प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में बहन सेक्टर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। शिविर में कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयासों पर विशेष बल दिया गया। उक्त जानकारी सेक्टर सुपरवाइजर सुगना राठौर द्वारा प्रदान की गई।

**एक नजर में** ▶ लूटे गए दो चांदी के कड़े और नकदी रुपये के साथ घटना में इस्तेमाल मोटर साइकिल आरोपियों से जब्त

# पाडलिया नैनगांव फाटे पर डकैती का बाग पुलिस ने किया खुलासा



**बाग।** ग्राम पाडलिया नैनगांव फाटे के पास हुई डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ने में भी सफलता हासिल की है। साथ ही लूटे गए चांदी के कड़े और नकदी भी आरोपियों से बरामद किया जाना बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार 25 मई को फरियादी ने रिपोर्ट किया कि 22 मई को ग्राम पीपरी से वापस अपने घर ग्राम चिलवा आ रहे थे रात्रि करीब 8 बजे ग्राम पाडलिया नैनगाँव फाटे के पास पिछे से दो मोटर साइकलों पर तीन-तीन लोग बैठे होकर हमारी मोटर साइकल को ओवर टेक करने लगे तो मेरे पति कन्हैया ने मोटर साइकल वापस बाग तरफ मोड दी फिर दोनों मोटर साइकल वाले हमारी मोटर साइकल का पीछा कर, एक मोटर साइकल वाले ने हमारी मोटर साइकल को लात मारी। इससे मोटर सायकल का बैलेंस बिगड़ने से गाड़ी से नीचे गिर गई गिरने फरियादी को बायें हाथ को कन्धे, बायें हाथ की कोहनी, व कमर में बायीं तरफ चोटें लगी, एक व्यक्ति उतर कर आया और फरियादी के हाथ में लिये सफेद रंग का बैग जिसमें कपडे व दो चांदी के कडे एवं नगदी 5 हजार रुपये लूटकर भाग गये। फरियादी की रिपोर्ट करने पर पुलिस थाना बाग पर अपराध क्र.185/2026 धारा 310 (2) भा. न्या. सं का कायम कर विवेचना में लिया गया।

धार एसपी सचिन शर्मा ने डकैती के प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर, एसडीओपी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतू निर्देशित करने पर थाना प्रभारी बाग निरीक्षक कैलाश चौहान के नेतृत्व में टीम गठीत कर अज्ञात आरोपियों को शीघ्र पकडने के निर्देश प्राप्त होने पर अज्ञात आरोपियो की तलाश के दौरान मुखबीर द्वारा सूचना मिली की आज से करीबन दस दिन पहले पाडलिया नैंनगाँव फाटे के पास एक बाइक पर पीछे महिला बैठी थी। उनके साथ लूट करने वालो में से एक बदमाश ग्राम झिरपनिया ढाबे के पास कही जाने के लिए खड़ा है। पुलिस ने मौके पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये का एक व्यक्ति दिखा जो पुलिस को देख कर भागने लगे जिन्हें बमुश्किल घेरा बदी कर पकड़ा। संदेही मगन पिता छगन जाति भील (19) निवासी ग्राम घोटियादेव से पूछताछ करने पर अन्य साथियों के साथ पाडिलाय नैंनगांव फाटे के पास फरियादी के साथ लुट की घटना कारित करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में कुक्षी से आरोपी का पीआर लेकर अन्य आरोपी की पतारसी करते आरोपी दिनेश पिता केलु उर्फ केलसिंह अनारे निवासी ग्राम झिरपन्या को गिरफ्तार कर लूटे गये चांदी के दो कड़े व नकदी और बाइक जब्त की गई।

पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक कैलाश चौहान, उनि. तोसिफ अली, सउनि लोकेश रायपुरिया, सउनि दशरथसिह चौहान, सउनि कमलेश राठौडिया, प्र.आर.932 सखाराम गोखले, प्र.आर.830 भावसिह रावत, प्र.आर. 545 रेलमसिह भिन्डे,, प्र.आर.06 गजेन्द्र कनेश, प्र.आर.588 कैलाश गेहलोत, आर.1145 राजु चौहान, आर. 199 दुर्गेश, आर. 528 सीताराम डोडवे, आर.493 कलमसिह डुडवे, आर. 567 लालसिह चौहान, आर. 405 मुकेश, आर.02 सुरेश, एवं सायबर सेल धार से उनि प्रशांत गुजाल व आर. प्रशांत चौहान का विशेष योगदान रहा है।